कार्यालय : वन प्रमंडल पदाधिकारी,
दुमका वन प्रमंडल, दुमका।

झारखण्ड सरकार

Court Compound, Dumka-814101

E-mail- dfodumka@gmail.com ; Ph. No- 06434-236072

पत्रांक– 3337 दिनांक– 11-x-17

सेवा में,

ई-मेल

Dy. Chief Engineer (Con),
Eastern Railway, Bhagalpur.

विषय :– Verification of forest land details required to be diverted in connection with construction of New BG Rail line between Mohanpur-Hansdiha.

प्रसंग :– आपका पत्रांक–DCE/C/BGP/Mohanpur-Hansdiha दिनांक–12.9.2017 एवं इस कार्यालय का पत्रांक–3165 दिनांक–22.9.2017

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र द्वारा उपलब्ध करायी गई नई बी0जी0 रेलवे लाईन मोहनपुर–हँसडीहा में गुजरने वाले मौजावार, प्लॉटवार की सूची कुल–29 ग्रामों में से **मौजा–बैजा, दाग नं0–210, 238, अमजोरा दाग नं0–100 एवं नवाडीह दाग नं0–611 अधिसूचित वन भूमि है।** आपके प्रतिनिधि को दिनांक–25.9.2017 को की गई कार्रवाई से अवगत करा दी गई है।

विदित हो कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सिविल वाद संख्या–202/95 टी0एन0 गोदावर्मन थीरूमुलकाद बनाम भारत सरकार के मामले में दिनांक–12.12.1996 को पारित आदेश के अनुसार सरकारी अभिलेख (अधिसूचित सिमांकित वनभूमि के अलावे) खतियान पार्ट–II में जंगल, साल जंगल, राखा जंगल, झाड़ी जंगल आदि के रूप में दर्ज भूमि को वनभूमि माना गया है। वैसी भूमि संबंधित अंचलाधिकारी के राजस्व अभिलेख से प्राप्त कर लें। इस मामले में वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 के सभी प्रावधान लागू होंगे।

ज्ञातव्य हो कि किसी भी परिस्थिति में सिविल वाद सं0–202/95 टी0एन0 गोदावर्मन थीरूमुलकपाद बनाम भारत सरकार के मामले में दिनांक–12.12.1996 को पारित आदेश एवं वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 का उल्लंघन न हो। नई बी0जी0 रेलवे लाईन मोहनपुर–हँसडीहा गुजरने वाले निर्माण में दुमका जिला अन्तर्गत मौजों में पड़ने वाले प्लॉट नं0 का संबंधित अंचलाधिकारी से राजस्व अभिलेख खतियान में दर्ज मौजावार/प्लॉटवार किस्म भूमि का प्रमाण एवं भूमि विवरणी (Land Schedule) प्राप्त करने के पश्चात् अग्रतर कार्रवाई की जाय।

अनुरोध है कि इस कार्यालय के प्रासंगिक पत्र द्वारा बिन्दुवार प्रस्ताव वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 के तहत् समर्पित करना सुनिश्चित करें ताकि अग्रत्तर कार्रवाई की जा सके। यह मामला आपके स्तर पर लंबित है।

आपका विश्वासी

11/10/17

वन प्रमंडल पदाधिकारी,
दुमका वन प्रमंडल, दुमका।

11/X/17
11/10/17

D:\2017-18\FC Act and Misce. section\Latter, 2017-18.doc- 104 -